OMPRAKASH . (Borrower), GUNJAN DEVI (Co Borrower), JEETENDRA . (Guarantor) MLP000000264607	19/10/2026 Rs.999230/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	PROPERTY HOUSE MEASURING AREA 334.8 S.MTS. SITUATED AT IN MAUZA-DIGROTA TEHSIL KHERAGARH DISTT. AGRA,. North: Plot of Chandraveer., South: Khet of Mahadev., East: Property of Gram Sabha., West: Rasta 10 ft. wide.
RAM KISHAN (Borrower), CHANCHAL DEVI (Co Borrower), DHARMENDRA KUMAR (Guarantor) MLP000000272826	19/10/2026 Rs.393141/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	Residential House of land area measuring 88.88 Sq. Yards i.e. 74.32 Sq. Meters, Khasra No. 258, Situated at Mauza Bhidauni Bangar, Tehsil Mant & District Mathura Uttar Pradesh, 281205. North: House of Chhiddi Pandit, South: House of Hakim, East: Rasta 6 Feet Wide, West: House of Babu Thakur
Chandra Pal (Borrower), Kamni . (Co Borrower), Gyanendra . (Guarantor) MHL000000228500	19/10/2026 Rs.492917/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	1 KITA PLOT MEASURING AREA 43.47 S.Mts SITUATED AT IN SATAULI BAGHELAN MAUZA-SATAULI TEHSIL ETMADPUR DISTT. AGRA, UTTAR PRADESH 283202. North: Rasta 6 ft. or Plot of Suresh, South: Plot of Ghure Lal or Plot of Nahar Singh, East: Plot of Chhote Lal or Plot of Seller, West: Plot of Suresh or Plot of Chokhe Lal
Man Singh (Borrower), Mithalesh . (Co Borrower), Omprakash Tyagi (Co Borrower), VIVEKANANDA NANDA IAS ACADEMYPRIVATELIMITED (Co Borrower) HL0000000159131	19/10/2026 Rs.2737122/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	FIRST FLOOR LEFT HAND SIDE, AREA 75 SQ. YARDS, WITHONE CAR PARKING & COMMON LIFT PART OF PROPERTY A-134, OUT OF KHASRANO. 22/18, SITUATED IN THE AREA OF VILLAGE JHARODA MAJRA, BURARI, ABADI KNOWN AS GALI NO.1, HARDEV NAGAR , DELHI 110084.. North: Others Property, South: Road 22 ft, East: Others Property, West: Others Property
ARASI . (Borrower), ABDUL AYYOOB (Co Borrower) MLP000000164505	19/10/2026 Rs.365826/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	PLOT OF LAND AREA MEASURING 1406.25 SQ. FT., SITUATED AT VILLAGE RUDHAU PAHADPUR, TEHSIL TUNDLA & DISTRICT FIROZABAD UTTAR PRADESH,283204. North: Property of Prabhu Dayal, South: Plot of Nekse, East: Rasta 6 Feet, West: House of Others
LALA RAM (Borrower), VEENA . (Co Borrower), Ravi Kumar (Guarantor) MLP000000197587	19/10/2026 Rs.419150/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	VACANT PLOT OF LAND AREA MEASURING 85.07SQ. METERS, OUT OF GATA NO. 555, SITUATED AT MAUZA BATHAINKALA, TEHSIL CHHATA & DISTRICT MATHURA UTTAR PRADESH, 281403. North: Vacant Plot of Preetam, South: Rasta 6 Meters Wide, East: Plot of Peetam, West: House of Satveer
Amar Ruhil (Borrower), Soniya Ruhil (Co Borrower) HL0000000127011	19/10/2026 Rs.1493247/- as on 19/10/2026 with further Interest and charges thereon	Residential Vacant Plot area measuring 100 sq. yds., Part of Khasra No. 434, Situated in the Village Sunpura Sohanpur, Pargana and Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P., Uttar Pradesh, 203207. North: Other's property, South: Other's property, East: Other's property, West: Road 18 ft. wide
SARIF . (Borrower), Nasaroodadeen . (Co Borrower), SHAMMO (Co Borrower), Baid (Co Borrower), Irfan Khan (Guarantor) MLP000000238394	19/10/2026 Rs.514563/- as on 19/10/2026 with further Interest and charges thereon	PROPERTY DESCRIPTION:- HOUSE AREA MEASURING 76.66 SQ. YARDS OR 64.09 SQ. MTRS., KHASRANO.615B, MAUZA SURIR VIJAU BANGAR, TEHSIL MANT, DISTRICT MATHURA, UTTAR PRADESH.-281205. North: Rasta 12ft. wide , South: Chak of Pramod alias Pradeep & others, East: Chak of seller, West: Land of Hafija
LACHCHO .(Borrower), Tara . (Co Borrower), DAYARAM .(Co Borrower), BUDDHI . (Co Borrower), AJAY .(Guarantor) MHL000000185080	21/10/2026 Rs.1041197/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	Measuring area 158.86 sqm. Plot no. 34 Khasra no. 320 Mauza Majohi Bangar Thesil Chhata Dist. Mathura, 281401. North: Road 12 feet wide, South: House of Dharmveer, East: Road 14 feet wide, West: House of Aneeta
Vivek Yadav (Borrower), PAVITRA YADAV (Co Borrower), Gopal (Co Borrower), Guddi .(Co Borrower) HL0000000212498	21/10/2026 Rs.2041226/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	House No. 459 And Part Of 78/728, Shankar gali Dhauli Pyau Teh. And Dist. Mathura, Mathura, Mathura, Mathura, Uttar Pradesh, 281004. North: House Of Gopal Prasad And House Of Randheer Singh, South: 10ft Wide Road And House Of Gopal, East: House Of Sunil Baghel And House Of Bhole And Gopal, West: House Of Gopal Prasad And House
Karvind . (Borrower), Arti Devi (Co Borrower), RAHUL KUMAR (Guarantor) MLP000000279328	23/10/2026 Rs.671382/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	PROPERTY HOUSE MEASURING AREA 126.34 Sq.MTS., SITUATED AT VILLAGE NAYABANS MAUZA THANASHANKAR DWAR TEHSIL FATEHABAD DISTRICT AGRA, 283125. North: Rasta 12 ft. Wide, South: House of Banwari, East: Land of Laturi, West: House of Munna Kha
HARI Om.(Borrower), RANI (Co Borrower), Amarpal Singh (Co Borrower), KAMLESH DEVI (Co Borrower), NEERAJ KUMAR (Guarantor) MLP000000263097	23/10/2026 Rs.673536/- as on 17/10/2026 with further Interest and charges thereon	RESIDENTIAL HOUSE OF LAND AREA MEASURING 227.89 SQ. METERS, KHASRA NO. 773, SITUATED AT MAUZA HASANPUR JALERIYA, TEHSIL MANT & DISTRICT MATHURA UTTAR PRADESH, 281205. North: Plot of Donor, South: Plot of Pappu, East: Rasta 10 Feet Wide, West: Plot of Rajendra

The steps are being taken for substituted service of notice. The above borrowers, co- borrowers and/or their guarantors (where ever applicable) are advised to make the payments of outstanding within 60 days from the date of the publication of this notice failing which further steps will be taken after the expiry of 60 days of the date of this notice as per the provision of Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002.

Please be informed that the said notice is also under section 13(13) informing the borrowers/guarantors/ mortgagors that the said mortgaged property should not be sold/leased/transferred.

Date : 13.11.2026
Place : Mathura, Fatehabad, Gautam Budh Nagar, Firozabad, Agra

Authorized Officer,
VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD

For Your Information

Cash Withdrawal at ATMs (% of GDP):



FY18 - 17.0%
FY19 - 17.5%
FY20 - 17.0%
FY21 - 14.6%
FY22 - 13.2%
FY23 - 12.3%
FY24 - 10.8%
FY25 - 9.3%
FY26 (Est.) - 8.1%

(SBI Research)

Compiled by Nafanuksan Research

अमृत वचन



भाई का अपमान मत कीजिए। भाई बगावत पर उतर आया तो आपके साम्राज्य की नींव उजड़ते वक्त नहीं लगेगा। भाई-भाई मिल जाएं तो दशानन का भी दहन किया जा सकता है।

- श्री कन्हैया

Thoughts of the time

Winner work hard to win, loser sfind and excuse to lose! stop giving excuses! - Suresh Rathi

राजस्थानी कहावत

घोड़ा अर मिनख रा पग पेट में

घोड़े और मनुष्य के पांव पेट में

- अच्छा व पर्याप्त खाने से ही घोड़े व मनुष्य के पांव मजबूत रहते हैं- निरंतर दौड़ने व चलने के लिए सक्षम।

-स्व. विजय दान देथा
साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा

राजस्थान के भड़ला से पूर्वी भारत तक पहुंचेगी सोलर एनर्जी, 68,800 करोड़ का हाई-वोल्टेज कॉरिडोर मंजूर

जयपुर@का.सं.। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में पैदा होने वाली सोलर एनर्जी अब देश के पूर्वी हिस्सों के इंडस्ट्रीयल और शहरी केंद्रों तक पहुंचाने की तैयारी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने करीब 68,800 करोड़ रुपये की लागत से उच्च क्षमता वाला पावर ट्रांसमिशन कॉरिडोर बनाने की योजना को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा राजस्थान के भड़ला सोलर एनर्जी क्षेत्र से जुड़ा होगा। यहां से 6,000 मेगावाट क्षमता की उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन व्यवस्था के जरिये क्लीन एनर्जी पूर्वी भारत तक पहुंचाई जाएगी। करीब छह साल में तैयार होने वाले इस नेटवर्क की क्षमता 1,150 किलोवोल्ट होगी। यह भारत का अब तक का सबसे अधिक वोल्टेज वाला बिजली नेटवर्क होगा। इसके जरिये मौजूदा 765 किलोवोल्ट की बिजली लाइनों के मुकाबले काफी अधिक बिजली एक साथ भेजी जा सकेगी। नेशनल पावर ट्रांसमिशन कमेटी ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

सोलर एनर्जी प्रोडक्शन को मिलेगा बड़ा मार्केट



भड़ला बनेगा पावर पहुंचाने का बड़ा केंद्र : राजस्थान देश के प्रमुख सोलर एनर्जी उत्पादन केंद्रों में शामिल है। राज्य में तेज धूप और बड़े भू-भाग के कारण सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। जोधपुर जिले के भड़ला में स्थापित सोलर एनर्जी पार्क इसी कैपेसिटी का बड़ा उदाहरण है। यहां उत्पादित बिजली को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने के लिए मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क जरूरी है। नए प्रोजेक्ट से राजस्थान की सोलर एनर्जी को छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इन राज्यों में उद्योगों, शहरों और व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार के कारण बिजली की डिमांड बढ़ रही है। इस तरह पश्चिम भारत में बिजली उत्पादन और पूर्वी भारत में बढ़ती मांग के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकेगा।

कम जमीन में ज्यादा बिजली पहुंचाने की तैयारी : अभी बड़ी मात्रा में बिजली भेजने के लिए 765 किलोवोल्ट की कई पारेषण लाइनें और कॉरिडोर बनाने पड़ते हैं। इससे अधिक जमीन की जरूरत होती है। प्रस्तावित 1,150 किलोवोल्ट नेटवर्क कम लाइनों के जरिये ज्यादा बिजली पहुंचा सकेगा। इससे ट्रांसमिशन के लिए जमीन की जरूरत घटाने और बिजली पहुंचाने के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। भारत तेजी से सोलर और विंड एनर्जी कैपेसिटी बढ़ा रहा है। सरकार ने 2030 तक क्लीन एनर्जी से 500 गीगावाट बिजली प्रोडक्शन कैपेसिटी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। देश में यह क्षमता पहले ही 300 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। ऐसे में बिजली प्रोडक्शन के साथ उसे एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने का नेटवर्क मजबूत करना भी जरूरी है।

पावर ट्रांसमिशन कॉरिडोर की प्रमुख बातें...

Particulars	Details
Total Project Cost	Rs.68,800 crore
Estimated Completion Period	6 years
Proposed Transmission Voltage	1,150 kV
Existing Transmission Vdtage	765 kV
Bhadla Solar Region Link	6,000 MW
First-phase States	Chhattisgarh, Odisha, West Bengal
India's Non-fossil Energy Target by 2030	500 GW
Current Non-fossil Capacity	More than 300 GW

कबाड़ बेचकर बीकानेर रेल मंडल ने सात माह में कमाए 22.22 करोड़ रुपए

बीकानेर@नि.सं.। रेलवे की अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री भी आय का बड़ा स्रोत बन रही है। बीकानेर रेल मंडल ने चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में कबाड़ की बिक्री एवं निस्तारण से 22.22 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इस दौरान मंडल ने 5,880.80 मीट्रिक टन अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण किया। खास बात यह है कि कुल राजस्व का करीब आधा हिस्सा अकेले अक्टूबर माह में अर्जित हुआ। रेलवे की ओर से 2 से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित विशेष अभियान 6.0 के तहत बीकानेर मंडल ने 2,964.76 मीट्रिक टन कबाड़ का निस्तारण कर 11.20 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया। यह आंकड़ा अक्टूबर में कबाड़ निस्तारण की गतिविधियों के बड़े स्तर को दर्शाता है। मंडल के आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर 2026 तक कबाड़ निस्तारण से हुई कुल 22.22 करोड़ रुपए की आय में अक्टूबर की हिस्सेदारी लगभग 50.4 प्रतिशत रही। वहीं, सात माह के कुल निस्तारण में अक्टूबर का योगदान करीब 50.4 प्रतिशत रहा। इससे स्पष्ट है कि विशेष अभियान के दौरान निस्तारण की गति में उल्लेखनीय तेजी आई। रेलवे के विशेष अभियान का उद्देश्य अनुपयोगी सामग्री की बिक्री से राजस्व अर्जित करने के साथ ही परिसरों में खाली स्थान उपलब्ध कराना और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इसके तहत रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों और अन्य परिसरों में जमा कबाड़ हटाने के साथ स्वच्छता गतिविधियां भी संचालित की गईं।

ब्रीफ न्यूज

भामाशाह मंडी का जल्द होगा एक्सपेंशन, 70 करोड़ सालाना से ज्यादा मंडी दे रही है टैक्स इनकम



कोटा@नि.सं.। भामाशाह कृषि उपज मंडी में दिवाली के बाद नए सीजन का मुहूर्त गुरुवार को किया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और लाडपुरा विधायक कल्पना देवी कार्यक्रम में पहुंची। इससे पूर्व भामाशाह कृषि उपज मंडी में गणेश पूजन किया गया। इसके बाद नीलामी शेड में नीलामी मुहूर्त आयोजित हुआ, जिसमें धनिया की नीलामी सर्वाधिक 16951 रुपए क्विंटल की रही है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा भामाशाह मंडी की विश्वसनीयता है। इसीलिए व्यापार लगातार बढ़ रहा है। यहां पर बड़ा व्यापार होता है। करीब 500 से 700 व्यापारी हैं। मंडी में मुनीम से लेकर हम्माल और मजदूर भी बड़ी संख्या में और हजारों किसान इससे जुड़े हुए हैं। यहां रिकॉर्ड माल यहां पर आता है और यह रोजगार का बड़ा केंद्र भी है।

भामाशाह कृषि उपज मंडी के कोटा सीड्स एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश राठी का कहना है कि पिछले साल से धनिया का मुहूर्त भाव दोगुना है। मंडी में दाम सभी जिंसों के भी इस बार अच्छे चल रहे हैं। धान के भाव भी जहां 3500 रुपए पिछले साल थे, इस बार 4500 से 5100 रुपए तक है। सोयाबीन, गेहूं, उड़द व लहसुन और अन्य उपज के भी दाम काफी अच्छे हैं। मंडी सचिव मनोज कुमार मीणा ने बताया कि मंडी के एक्सटेंशन का अब अंतिम चरण में काम चल रहा है, जिसके तहत वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में एक्सटेंशन की फाइल है, जिसमें अंतिम क्लीयरेंस के लिए मीटिंग मंत्रालय में होनी है। इसके बाद मंडी को जहां वर्तमान में 250 बीघा जमीन है, यह बढ़कर 650 बीघा के आसपास होगी। काफी ज्यादा जमीन होने पर मंडी के शेड बन जाएंगे। रेलवे रैक पॉइंट भी यहां पर बन जाएगा और यह सारा काम हो जाएगा। इससे बाद मंडी के बाहर लाइन लगती है, यह नहीं रहेगी। वर्तमान में जहां कोटा मंडी का टैक्स रेवेन्यू 70 करोड़ रुपए सालाना है, इस बार अच्छे दाम होने के चलते रेवेन्यू बढ़ेगा और लगातार यह बढ़ भी रहा है। यह एशिया की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है, जबकि रेवेन्यू के मामले में राजस्थान की सबसे बड़ी भामाशाह मंडी है और नई मंडी के यार्ड के निर्माण में भी करोड़ों रुपए खर्च होंगे। मंडी में वर्तमान में ढाई लाख क्विंटल के आसपास आवक हो रही है और यह आने वाले दिनों में बढ़ जाएगी। कार्यक्रम में महामंत्री महेश खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन खंडेलवाल व उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भी उपस्थित थे।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एफडी पर सालाना 7.40 फीसदी तक दे रहा इंटरेस्ट

जयपुर@कॉ.सं.। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी पाने वाला देश का पहला स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक इस त्योहारी सीजन को और भी फायदेमंद बना रहा है। बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर आकर्षक ब्याज दरें दे रहा है। आम ग्राहकों के लिए 7.40 फीसदी तक सालाना और 60 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.90 फीसदी तक सालाना ब्याज मिल रहा है। बैंक की FD योजनाएं त्योहारों के दौरान की गई बचत को एक बेहतर वित्तीय योजना में बदलने का मौका देती हैं। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के सीनियर सिटीजन इन एफडी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

नेशनल • इंटरनेशनल

चालू वित्त वर्ष में 26.97 लाख करोड़ रुपये का डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन टार्गेट हासिल करना संभव

नयी दिल्ली@एजेंसी। सरकार चालू वित्त वर्ष में 26.97 लाख करोड़ रुपये के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के लक्ष्य को हासिल कर सकती है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लिए वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में टैक्स कलेक्शन की रफ्तार बढ़ानी होगी। विशेष रूप से कंपनियों से मिलने वाले टैक्स और अग्रिम टैक्स की किस्तों से कलेक्शन बढ़ना जरूरी होगा।

चालू वित्त वर्ष में अब तक व्यक्तिगत आयकर, कॉरपोरेट टैक्स और प्रतिभूति लेनदेन टैक्स (एसटीटी) सहित डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन की स्थिति संतोषजनक दिख रही है। 10 नवंबर तक बजट में तय लक्ष्य का करीब 53 प्रतिशत हासिल किया जा चुका है। चालू वित्त वर्ष में 10 नवंबर तक शुद्ध डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन करीब 14.42 लाख करोड़ रुपये रहा, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 11.76 प्रतिशत अधिक है।

नांगिया एंड कंपनी एलएलपी के वरिष्ठ भागीदार अमित अग्रवाल ने कहा कि दिसंबर और मार्च में अग्रिम टैक्स की किस्तों तथा वित्त वर्ष के अंत में होने वाले भुगतान से दूसरी छमाही में कलेक्शन को और गति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन इसकी वृद्धि का प्रमुख आधार बना रहेगा, जबकि गैर-कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन अब तक अपेक्षाकृत धीमा रहा है। कॉरपोरेट कंपनियों के बेहतर मुनाफे और अर्थव्यवस्था में लगातार बनी मजबूती को दर्शाते हुए शुद्ध कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन चालू वित्त वर्ष में 10 नवंबर तक 18 प्रतिशत बढ़कर 6.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, व्यक्तियों, कंपनियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) से मिलने वाला गैर-कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन सुस्त रहा।

इस दौरान यह 5.3 प्रतिशत बढ़कर करीब 7.56 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट के भागीदार रोहिंटन सिधवा ने कहा कि टैक्स रिफंड में कमी आने और वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में अग्रिम टैक्स कलेक्शन बढ़ने से सरकार को बजट लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में टैक्स रिफंड का भुगतान अधिक होता है। बीते वित्त वर्ष के विपरीत, इस साल रिफंड में आई कमी का रुख पलट गया है। चालू वित्त वर्ष में अब तक आयकर रिफंड का भुगतान सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। एक अप्रैल से 10 नवंबर के बीच प्रतिभूति लेनदेन टैक्स (एसटीटी) से कलेक्शन 52 प्रतिशत बढ़कर 54,078 करोड़ रुपये हो गया। एसटीटी कलेक्शन में यह वृद्धि बीते वित्त वर्ष में टैक्स की दरें बढ़ाए जाने के कारण हुई है। अग्रवाल ने कहा कि एसटीटी कलेक्शन में वृद्धि पूंजी बाजार में बढ़ती गतिविधियों और उसके विस्तार को दर्शाती है। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में आईपीओ बाजार में असाधारण तेजी देखी गई है। अधिक कंपनियां पूंजी बाजार से धन जुटा रही हैं और खुदरा निवेशकों की भागीदारी भी बढ़ रही है। इसके अलावा, परिवारों की बचत धीरे-धीरे वित्तीय परिसंपत्तियों और शेयर बाजारों की ओर बढ़ रही है।

एसबीआई ने टेक्सास में नई ब्रांच का किया शुभारंभ

मुंबई@कॉ.सं.। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अमेरिका में अपने इंटरनेशनल कारोबार के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बैंक के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने अमेरिका के टेक्सास स्थित नॉर्थ डलास के फ्रिस्को में एसबीआईसी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया। यह एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली अमेरिकी अनुषंगी कंपनी है। इस शाखा के उद्घाटन के साथ एसबीआईसी बैंक ने कैलिफोर्निया के बाहर अपनी पहली शाखा शुरू की है। इससे अमेरिका में इसकी शाखाओं की संख्या सात से बढ़कर आठ हो गई है।

एसबीआईसी बैंक की इन आठ शाखाओं के अलावा एसबीआई न्यूयॉर्क, शिकागो और लॉस एंजिलिस में अपनी तीन प्रत्यक्ष शाखाओं और वाशिंगटन डीसी में एक प्रतिनिधि कार्यालय के माध्यम से भी कारोबार करता है।

पहले दिन ही सॉल्डआउट हुआ डैन्यूब का शाहरुख खान के नाम पर रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट

दुबई@एजेंसी। डैन्यूब प्रॉपर्टीज ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के नाम पर अपनी दुबई स्थित रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट में मकानों की बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा कि प्रोजेक्ट में 50 करोड़ रुपये कीमत वाले सभी पेंटहाउस पहले ही दिन बिक गए। 'शाहरुख्ज रेजिडेंसेज बाय डैन्यूब' नाम की इस प्रोजेक्ट की शुरुआत बृहस्पतिवार को हुई। इसमें सेलिब्रिटी इंटीरियर डिजाइनर एवं अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान द्वारा डिजाइन किए गए पेंटहाउस भी शामिल हैं।

डैन्यूब समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन रिजवान साजन ने यहां प्रोजेक्ट के शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि दुबई की मैरीटाइम सिटी में स्थित इस पूरी प्रोजेक्ट के लिए खरीदारों से अब तक 500 रुचि पत्र (ईओआई) मिल चुके हैं। उन्होंने कुल रेजीडेंशियल इकाइयों की संख्या या प्रोजेक्ट की कुल लागत का खुलासा नहीं किया। शाहरुख्ज रेजिडेंसेज में अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत 16.5 लाख दिरहम (करीब 4.2 करोड़ रुपये) है। शाहरुख खान और गौरी खान इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फिल्मकार करण जौहर ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की। शाहरुख खान ने कहा, ''इस प्रोजेक्ट के लिए परिकल्पित अनुभवों के जरिये 'राजसी अंदाज में जिंदगी जीने' के विचार को साकार किया गया है।'' गौरी खान ने कहा, ''पेंटहाउस के लिए मैं ऐसे स्थान तैयार करना चाहती थी, जो गर्मजोशी भरे और अलग पहचान वाले हों .... यह बेहद खास है कि इस डिजाइन को इतनी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है और प्रोजेक्ट के सभी पेंटहाउस पहले ही बिक चुके हैं।'' डैन्यूब प्रॉपर्टीज ने पिछले साल नवंबर में दुबई के शेख जायद रोड पर करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 'शाहरुख्ज बाय डैन्यूब' नाम का एक वाणिज्यिक टावर शुरू किया था।

खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर दो साल के उच्च स्तर 6.09% पर

नयी दिल्ली@एजेंसी। खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में तेजी से बढ़कर 6.09 प्रतिशत हो गई। यह अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई सितंबर में 5.54 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य महंगाई अक्टूबर, 2026 में बढ़कर 8.94 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 7.74 प्रतिशत थी। प्याज (116.22 प्रतिशत), लहसुन (60.74 प्रतिशत), चांदी के आभूषण (52.39 प्रतिशत), अदरक (48.32 प्रतिशत) और नींबू (47.30 प्रतिशत) की कीमतों में सबसे अधिक इजाफा हुआ। दो साल में यह पहली बार खुदरा महंगाई आरबीआई की छह प्रतिशत की संतोषजनक सीमा से अधिक रही है। केंद्रीय बैंक को महंगाई को दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने का दायित्व सौंपा गया है। अक्टूबर, 2024 में खुदरा महंगाई 6.25 प्रतिशत रही थी। अक्टूबर की खुदरा महंगाई के आंकड़े आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की दो से चार दिसंबर को होने वाली बैठक से पहले महत्वपूर्ण हैं। आरबीआई ने अक्टूबर में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। करीब चार साल में पहली बार केंद्रीय बैंक ने दर में बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही उसने बढ़ती महंगाई, रुपये की कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी दरें बढ़ाए जाने के संकेत दिए थे।

तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक ने मनाया 105वां स्थापना दिवस

थूथुकुडी@कॉ.सं.। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने थूथुकुडी में तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक (टीएमबी) के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने बैंक से आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में शामिल होने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। टीएमबी की 105 वर्षों की विरासत पर बैंक को बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने वर्ष 1921 में नादर बैंक लिमिटेड के रूप में इसकी शुरुआत से लेकर एक प्रमुख बैंकिंग संस्थान बनने तक के सफर का उल्लेख किया। आज बैंक की 17 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों में 632 शाखाएं हैं और यह 53 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। बैंक का कुल कारोबार 1.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बैंक ने तमिलनाडु के थूथुकुडी स्थित अन्ना नगर में अपनी एक नई शाखा का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके साथ ही बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के विस्तार के लिए एक नया क्रेडिट कार्ड भी लॉन्च किया।

ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 'सौरभ', चित्तौड़ रोड़, हरसूलिया मोड़, डिग्गी-मालपुरा रोड़, तह. फागी, जयपुर-303 904, राज. (भारत)
फोन : +91-9928070682 **वेब :** www.gravitaindia.com
CIN : L29308RJ1992PLC006870
ई-मेल : companysecretary@gravitaindia.com

शेयरधारकों को सूचना

विशेष विंडो- फिजिकल शेयरों के ट्रांसफर के लिए री-लॉजमेंट

सेबी परिपत्र एचओ/38/13/11(2)2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/आई/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन (डीमैट) की सुविधा के लिए अब 04 फरवरी 2027 तक एक विशेष विंडो खुली है। उक्त विशेष विंडो ऐसे हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध होगी जो पहले प्रस्तुत किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्यथा में कमी के कारण अस्वीकार कर दिए गए/वापस कर दिए गए/ या जिनपर ध्यान नहीं दिया गया था।

लॉजमेंट के लागू होने के बारे में कृपया नीचे दिया गया मैट्रिक्स देखें :

हस्तांतरण डीड की क्रियान्वयन तारीख	अप्रैल 01, 2019 से पहले हस्तांतरण के लिए दर्ज की गई ?	मूल प्रतिभूति प्रमाण पत्र की उपलब्धता ?	वर्तमान विंडो में दर्ज होने योग्य ?
अप्रैल 01, 2019 से पहले	नहीं (यह नया दर्ज है)	हां	हां
अप्रैल 01, 2019 से पहले	हां (इसे पहले अस्विकार/ वापस कर दिया गया था)	हां	हां
अप्रैल 01, 2019 से पहले	हां	नहीं	नहीं
अप्रैल 01, 2019 से पहले	नहीं	नहीं	नहीं

इसके अलावा, इस विशेष विंडो के तहत निम्न मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा
- हस्तांतरण करने वाले और ट्रांसफरी के बीच झगड़े वाले मामले।
- प्रतिभूतियां जो इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (IEPF) में ट्रांसफर की गई हैं।

कृपया ध्यान दें कि जिन आवेदनों के साथ मूल प्रतिभूति सर्टिफिकेट, ट्रांसफर डीड और दूसरे सहकारी दस्तावेज होंगे, उन पर ही विशेष विंडो के तहत विचार किया जाएगा।

इसके अलावा, इस प्रक्रिया के तहत हस्तांतरित की गई प्रतिभूतियों को आवश्यक रूप से केवल ट्रांसफरी को सिर्फ डीमैट रूप में क्रेडिट किया जाएगा और वे हस्तांतरण के पंजिकरण की तारीख से एक साल के समय के लिए लॉक-इन रहेंगी। ऐसी प्रतिभूतियों को बताए गए लॉक-इन पीरियड के दौरान हस्तांतरण/ग्रहणाधिकार/गिरवी नहीं रखा जा सकेगा।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों को 04 फरवरी, 2027 तक कंपनी के आरटीए केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड-सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी प्लॉट नंबर 31 और 32, गाचीबोवली वित्तीय जिला, नानकरामगुडा सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद-500032, तेलंगाना में einward.ris@kfintech.com पर फिर से दर्ज करायें।

निदेशक मंडल के आदेश
ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड के लिए
हस्ता-
नितिन गुप्ता
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
FCS :9984

स्थान : जयपुर
दिनांक : नवंबर, 2026